SAT,25 JANUARY 2025
EDITION: GURGAON, PAGE NO. 4

# राजभाषा कार्यान्व्यन समिति की बैठक का किया आयोजन

## ■ कर्मचारी राज्य बीमा निगम उप क्षेत्रीय कार्यालय में किया आयोजन

गुड़गांव, 24 जनवरी (ब्यूरो): कर्मचारी राज्य बीमा निगम उप क्षेत्रीय कार्यालय में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 63 वीं बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता संयुक्त् निदेशक (प्रभारी) सुनील यादव द्वारा किया गया।

बैठक में कार्यालय के सभी अधिकारियों व अधीक्षकों ने भाग लिया। सदस्या सचिव डॉ. स्वी टी यादव, सहायक निदेशक(राजभाषा) ने अध्यतक्ष व उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया, जिसके उपरांत बैठक की कार्रवाई आरंभ हुई। बैठक में अक्तूबर-दिसम्बर-2024 तिमाही के आंकडों की समीक्षा गई। समीक्षा करते हुए सदस्य सचिव ने बताया




*राजभाषा कार्यान्वियन समिति की बैठक करते हुए*

कि कार्यालय की सभी शाखाओं द्वारा हिंदी में प्राप्त सभी पत्रों के उत्तर हिंदी में ही दिए जा रहे हैं। जिसमें धारा 3(3) के अंतर्गत आने वाले सभी दस्तावेज द्विभाषी रूप में ही जारी किए जा रहे हैं। कार्यालय द्वारा जारी किए जाने वाले सभी मूल पत्र हिंदी में ही जारी किए जा रहे हैं। कार्यालय द्वारा सभी टिप्पणियां हिंदी में ही लिखी जा रहीं। इस तिमाही में कार्यालय की सभी 26 शाखाओं व सभी 04 शाखा कार्यालयों को राजभाषायी निरीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्ता कार्यालय में सभी अधिकारियों व सभी शाखाओं के द्विभाषी नामपट्ट व संकेत पट्ट लगवाए गए। राजभाषा नीति के अनुपालन हेतु स्थापित जांच बिंदु व राजभाषा अधिनियम-1963 की धारा 3(3) के अंतर्गत आने वाले दस्तावेजों संबंधी लेमिनेटिड बोर्ड लगवाये गए। अध्यक्ष द्वारा अक्तूबर-दिसम्बर-2024 तिमाही के दौरान राजभाषा शाखा द्वारा किए गए कार्य की सराहना करते हुए सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को अपना शत-प्रतिशत कार्य हिंदी में करने के लिए प्रेरित किया। इसके अतिरिक्ता बैठक में हिंदी कार्यान्वायन, विभिन्ने हिंदी प्रोत्सा हन योजनाओं, हिंदी के विभिन्नि प्रशिक्षणों, पुरस्कौर योजनाओं के कार्यान्ववयन पर चर्चा की गई। बैठक में सचिन सिंह, दीपक शर्मा, सन्नी कुशवाहा, रविन्द्र कुमार, राजेंद्र प्रसाद सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। पवन कुमार, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने बैठक को व्यवस्थित बनाने में योगदान दिया। इसके अतिरिक्त बैठक के संचालन बिरजू सिंह द्वारा किया गया।